	कोटाखुर्द खातेदार 17. लटूरलाल पुत्र मोती हिस्सा– 1/12 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 18. वीरभान पुत्र दल्ला हिस्सा– 1/24 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार,					
05	मांगीबाई पत्नि नाथूलाल हिस्सा– पूर्ण जाति– बेरवा सा. देह खातेदार	251	1271	1.1300	नहरी II	0.2600
06	1. कमलेश बाई पत्नि स्व. ज्ञानस्वरूप हिस्सा– 1/96 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 2. कविता पुत्री ज्ञानस्वरूप हिस्सा– 1/96 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 3. कालूलाल पुत्र देवा हिस्सा– 1/6 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 4. गजानन्द पुत्र जगन्नाथ हिस्सा– 5/32 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 5. गोपाल पुत्र भवानी शंकर माता गणेशी हिस्सा– 1/24 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 6. चंदी बाई पुत्री भवानी शंकर माता गणेशी हिस्सा– 1/24 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 7. नहनगी पुत्री देवा हिस्सा– 1/6 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 8. प्रेमबाई पुत्री जगन्नाथ हिस्सा– 1/32 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 9. पारस पुत्र ज्ञानस्वरूप हिस्सा– 1/96 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 10. मोहनीबाई पुत्री जगन्नाथ हिस्सा– 1/32 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 11. विक्रम पुत्र ज्ञानस्वरूप हिस्सा– 1/96 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 12. सत्यनारायण पुत्र जगन्नाथ हिस्सा– 5/32 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार 13. सुमन पुत्री देवा हिस्सा– 1/6 जाति– बेरवा सा. कोटाखुर्द खातेदार,	408	662	0.8000	नहरी II	0.1100
			661	1.0600	नहरी II	1.0300
07	1. जगन्नाथ पुत्र मोतीलाल हिस्सा– 1/4 जाति– मीना सा. डपटा खातेदार अ.विव.– नामा.न.1102 राहिन हिस्सा–1/4 (पूर्ण खाता) बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा लबान 2. बिन्दू कुमार पुत्र रामदेव हिस्सा– 1/4 जाति– मीना सा. डपटा तहसील इंद्रगढ़ खातेदार 3. रघुनाथ पुत्र मोतीलाल हिस्सा– 1/4 जाति– मीना सा. डपटा खातेदार 4. रामनाथ पुत्र मोतीलाल हिस्सा– 1/4 जाति– मीना सा. डपटा खातेदार अ.विव.– नामा.न.992,	279	551	1.1000	नहरी II	0.1900
		कुल भूमि (निजी भूमि)			1.63	

इकजाई गोशवारा (बून्दी जिले की तह. इन्द्रगढ)
भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) लाखेरी, बूंदी

क्र0सं0	नाम ग्राम	सरकारी भूमि (हैव)	NHAI	सार्वजनिक निर्माण विभाग (हैव)	सिचाई विभाग (हैव)	रेल्वे विभाग (हैव)	रिको लिमिटेड (हैव)	निजी भूमि (हैव)	योग (हैव)
01	गुहाटा	44.69	—	—	—	—	—	31.74	76.43
02	कोटाखुर्द	6.62	0.49	0.49	0.4500	—	—	36.73	44.78
03	लबान	0.75	—	—	—	0.06	—	3.41	4.22
04	देहीखेड़ा	0.44	—	—	0.01	0.70	—	1.63	2.78
05	डपटा	43.96	—	0.12	0.24	—	—	23.57	67.89
06	रामगंज	2.27	—	—	—	—	—	1.66	3.93
07	खरायता	2.28	—	—	—	—	15.67	—	17.95
	कुलयोग	**101.01**	**0.49**	**0.61**	**0.70**	**0.76**	**15.67**	**98.74**	**217.98**

(मुकेश कुमार गुप्ता)
उप सचिव एवं प्रावै. सहा.
वास्ते मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन,
राजस्थान, जयपुर।

राज.संवाद/सी/24/9397

200 बच्चों को जर्सी बांटी

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद की भगत सिंह शाखा इकाई परिवार द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष रविप्रकाश विजय के मुख्य आतिथ्य में आर.के.पुरम सेक्टर-ई नवीन सरकारी स्कूल मे सर्दी से बचाव के लिए 276 बच्चों में से 200 जरूरतमंद बच्चों को जर्सिया वितरण की गई। जर्सिया पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। यह जानकारी शाखा मीडिया प्रभारी पी.पी.गुप्ता ने दी। गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम दीप प्रज्जवलन के साथ गणेश वंदना से शुरू हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रविप्रकाश विजय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोटा शहर में भारत विकास की 14 इकाई है जो कि सेवा का कार्य कर रही है जिसमें भगत सिंह शाखा इकाई भी है, जिसने यह सरकारी स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को गौद लिया हुआ है, जिसका इकाई द्वारा समय समय पर जरूरतमंद वस्तुएं उपलब्ध करवाती रहती है,जो कि एक सराहनीय कदम है, उसकी मैं भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं। कार्यक्रम के अवसर पर इकाई अध्यक्ष ओमप्रकाश दुसाद, सचिव अशोक जैथलिया, कोषाध्यक्ष अजय गटटानी, शाला प्रधान महेश सोन, मीडिया प्रभारी पी.पी.गुप्ता, पंकज गोयल, रमेश खण्डेलवाल, नरेन्द्र गुप्ता, चन्द्रप्रकाश माहेश्वरी, बी.के. विजय, प्रेमलता जैथलिया, मनोरमा गटटानी, अल्का माहेश्वरी, आदि शाखा परिवार के लोग उपस्थित रहे।

भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के अपमान के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

कोटा, (निसं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी व देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह के संयुक्त तत्वाधान में शहर व देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेजनो ने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। शहर व देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुमानपुरा स्थित इंद्रा गॉधी चौराहे पर कांग्रेसजन एकत्रित होकर देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये हाथों में कांग्रेस के झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन कर चौराहे पर अमित शाह का

■ **भीमराव अंबेडकर के अपमान करने पर गृह मंत्री सदन में माफी मांगें-रविन्द्र त्यागी**

पुतला जलाया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लेकर प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की देश की संसद में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर का अपमान किया गया। अपमान करने के बाद भाजपा उस घृणित घटना पर शर्मिंदा होने के जगह कांग्रेस सांसदो को संसद में प्रवेश से रोक कर धक्का-मुक्की करने और नेता विपक्ष राहुल गॉधी के खिलाफ झूठा केस दर्ज करवाना चाहती है। भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान बनाया जिसको बदलना चाहते है।

इसी संविधान से देश चल रहा है। भाजपा नेता देश के महान क्रांतिकारी नेताओं को बदनाम करने की साजिश कर रहे है। देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर का अपमान कांग्रेस का कार्यकर्ता सहन नही करेगा। देश के गृह मंत्री देश का माहौल खराब करना चाह रहे है। अमित शाह को देश से माफी मांगनी चाहिऐं। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर का अपमान हम नही सहेंगे गृह मंत्री माफी मांगें। प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य डॉ जफर मोहम्मद, उपमहापौर पवन मीणा, कांग्रेस नेता शिवराज गुजल, हरपाल राणा, ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेधवाल, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल हमिद गौड, महिला अध्यक्ष शालिनि गौतम, प्रमोद त्रिपाठी, पूर्व पार्षद शमीम खान, पार्षद रफिक अहमद, परवेज अख्तर, ईशरार मोहम्मद, अंशुल श्रृंगी, पिंकी प्रजापती, गफ्फार हुसैन, कपिल शर्मा, मनोज गुप्ता, सोनू अब्बासी, आसिफ मिर्जा, बादशाह, इरफान धोसी, ललीत सरदार, रामेश्वर सुवालका, राजकुमार बोयत, पारस वर्मा, परसुराम बैरवा, सोनू सेन, मदन मोहन नगार, आदि कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भारत रत्न भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगा कर कोटा कांग्रेस जनों ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका।

जेवरात एवं काजू बादाम ले गये चोर

कोटा, (निसं)। शहर में लगातार पुलिस गश्त के बाद भी चोरो के हौसले बुलंद होते जा रहे है। चोरी के मामले थमने का नाम नही ले रहे है। शहर में सूने पड़े मकानों को अज्ञात चोर अपना निशाना बनाने से नही चूक रहे है। गत दिनों रेलवे कॉलोनी क्षेत्र मे सूने पड़े मकान मे चोरी की घटना के बाद चोरों ने बोरखेड़ा क्षेत्र में सूने पड़े मकान को अपना निशाना बनाया है। शहर के बोरखेड़ा इलाके मे अज्ञात चोर एक मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात तो ले ही गये, साथ ही चोर घर में रखे काजू-बादाम व अन्य सामान को भी चुरा कर ले गये।

जानकारी के अनुसार मकान में रहने वाली महिला प्रीति गुरूवार रात्रि को अपने मकान का ताला लगाकर मकान के सामने स्थित अपने माता-पिता के मकान मे बालक के साथ सोने चली गई थी। महिला को मकान मे चोरी की घटना का पता शुक्रवार सुबह चला जब उसने मकान का ताला टूटा हुआ देखा। मकान मे अंदर आकर देखा तो घर का पूरा सामान फैला हुआ पड़ा था। महिला ने मकान में चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका-मुआयना किया। बोरखड़ा थाने के एएसआई सुरेश ने बताया कि फरियादी प्रीति कश्यप ने थाने में मकान मे चोरी की रिपोर्ट दी है।

सार-समाचार

शिकायतों का निपटारा

कोटा, (निसं)। कोटा मंडल यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के साथ ही उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए तत्पर है। इस उद्देश्य को पूरा करने हेतु मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक आर.आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में रेल मदद पोर्टल पर चौबीस घंटे रेल यात्रियों की सहायता और शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है। रेलवे ने शिकायत और सुझावों को समायोजित करने के लिए हेल्पलाईन नंबर 139 सहित सभी माध्यमों को ''रेल मदद'' पोर्टल और एप में एकीकृत कर दिया है। शिकायतों का निस्तारण समय तय सीमा के भीतर किया जाता है एवं निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता को सूचना दी जाती है और उनसे फीडबैक भी माँगा जाता है, जिससे रेल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हो सके। कोटा मंडल में 16 जून, 2024 से वॉर रूम की शुरुआत की गई हैं, जिसका उद्देश्य यात्री शिकायतों का शीघ्र एवं समुचित समाधान सुनिश्चित करना है। 16 जून 2024 से 18 दिसम्बर 2024 तक इस वॉर रूम के माध्यम से कुल 18,594 शिकायतों का उचित समाधान औसत समय 18 मिनट में किया गया है, जिसमें यात्रियों द्वारा 89.84 प्रतिशत उत्कृष्ट फीडबैक प्राप्त हुए जो पश्चिम मध्य रेलवे जोन में सर्वोत्तम रहा है। वर्तमान में कोटा मंडल में यात्री शिकायतों का निस्तारण सभी परिपेक्षों में उत्कृष्ट रूप से किया गया है। विगत वित्तीय वर्ष में कोटा मंडल को ''रेल मदद'' पोर्टल पर कुल 23,157 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका निस्तारण शत-प्रतिशत किया गया।

भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 31 को

कोटा, (निसं)। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन चन्द्रोदय अतिशय क्षेत्र, चांदखेड़ी, खानपुर में संत आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज के आशीर्वाद से 31 दिसम्बर 2024 को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष हुकम जैन काका ने बताया कि इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। 31 दिसम्बर 2024 की रात्रि को भक्त जन महाचमत्कारी, महाअतिशयकारी तीर्थक्षेत्र पर नववर्ष का प्रथम मंगलकारी नमर कर सातिशय पुण्य अर्जन करेंगे। 31 दिसम्बर को रात्रि 8 बजे भगवान श्री नेमिनाथ की वैभवशाली वैराग्य गाथा तथा रात्रि 9 बजे राग से वीतरागिता की ओर से जाने वाली भवानी नेमिनाथ की भव्य बारात शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। रात्रि 11.30 बजे सामुहिक भक्ति, भजन व नृत्य समारोह का आयोजन किया जायेगा।

सड़क हादसे घायल अधेड़ की मौत

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी थाना इलाके में सड़क हादसे में घायल हुए अधेड़ की एमबीएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। भीमगंजमण्डी थाने के एएसआई कमलेश कुमार ने बताया कि बजाज खाना निवासी ताराचंद जैन 17 दिसंबर को स्कूटी से अपने मेहमानों को छोड़ने के लिये स्टेशन आये थे। स्टेशन से वापस जाते समय हल्दीघाटी गेट के समीप अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार ताराचंद जैन स्कूटी से गिरकर घायल हो गये। जिन्हे घायलावस्था में उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ताराचंद जैन (55) की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया।

सेवानिवृत्त कार्मिक भी आन्दोलन में कूदे

कोटा, (निसं)। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम व केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के मध्य किये जा रहे ज्वाइंट वेंचर (जेवी) रूपी निजीकरण के विरोध में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम अभियंता कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, इकाई कोटा थर्मल के बैनर तले कोटा थर्मल में 60 दिनों से निरन्तर एक घंटा कार्य बहिष्कार व आक्रोश प्रदर्शन किया जा रहा है साथ ही थर्मल कार्मिकों द्वारा विगत 11 दिनों से थर्मल गेट पर प्रतिदिन 5 कार्मिकों द्वारा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक क्रमिक धरना भी दिया जा रहा है। संघर्ष समिति के प्रेस प्रवक्ता वीरेंद्र कश्यप ने बताया कि सँयुक्त उद्यम प्रणाली ने सेवानिवृत कर्मचारियों की भी चिंता बढ़ा दी है उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय दिखाई दे रहा है। उन्हें चिन्ता है कि भविष्य में उन्हें पेंशन उत्पादन निगम देगा या जेवी या कोई और इस चिन्ता को लेकर वे धरना स्थल पर पहुँचे और धरने में अपनी भागीदारी निभाई। ग्यारहवें दिन धरने पर सेवानिवृत्त और संघर्ष समिति के सह संयोजक रामसिंह शेखावत, बीएमएस विद्युत महासंघ के पूर्व अध्यक्ष सीपी शर्मा, बीएमएस के पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी व विद्युत उत्पादन निगम सेवानिवृत्त संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश मिश्रा, घनश्याम शर्मा व इंटक के पूर्व पदाधिकारी डीपी मिश्रा ने अपनी भागीदारी निभाई सेवानिवृत अवधेश मिश्रा ने कहा कि सरकार को बिजली कार्मिकों को एच आर पॉलिसी से अवगत कराना चाहिए उनकी सेवा शर्तें यथावत रखनी चाहिए हमें भी यह विचार करने पर विवश होना पड़ा कि उत्पादन निगम के प्लांट का जेवी किए जाने के बाद हमारी पेंशन कौनसा विभाग देगा डी पी मिश्रा ने बताया कि निगम के निजीकरण के खिलाफ हमने धरने पर बैठकर अपना समर्थन दिया है।

छात्रावास का हीरक जयंती समारोह 22 को

कोटा, (निसं)। हाड़ौती क्षत्रिय शिक्षा प्रचारिणी समिति के तत्वावधान में भीम राजपूत छात्रावास के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती समारोह 22 दिसम्बर रविवार को मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष शिवराज सिंह राठौड़ अकावद खुर्द की अध्यक्षता में समारोह की रूप रेखा तैयार की गई आई तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शुक्रवार को कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। समिति के सचिव वीरेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि समारोह ग्यारह बजे आरंभ होगा जिसमें प्रदेश के कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी व समाज के प्रबुद्धजन शिरकत करेंगे। समारोह में राजमाता गायत्री राजे पंवार विद्यायक देवास, रविन्द्रसिंह भाटी विधायक शिव, महाराव कोटा इज्यराज सिंह, कल्पना देवी विधायक लाड़पुरा, मेघराज सिंह रॉयल समाजसेवी, बूंदी दरबार वंश वर्धन सिंह को समारोह में आमंत्रित किया गया है।

ब्राह्मण समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

कोटा, (निसं)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में आगामी 22 दिसम्बर रविवार को प्रात: 11.30 बजे होने जा रहे राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन, विप्र सम्मान समारोह एवं प्रदेश स्तरीय कार्यसमिति की बैठक की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। महावीर नगर प्रथम स्थित सनाढ्य सामुदायिक भवन में देशभर से समाजबंधु पहुंचेंगे। शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा रम्मू पंडित ने बताया कि इस अवसर पर आयोजन में देशभर से आने वाले लगभग पांच हजार समाजबंधुओं के पहुंचने की तैयारियां पूरी कर ली गई है, परिचय सम्मेलन को लेकर समाजबंधुओं में भारी उत्साह है। उन्होंने

■ **प्रदेश स्तरीय कार्यसमिति की बैठक की तैयारियां पूरी**

बताया कि परिचय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों व जिलों से परिचय प्रविष्टियां आई हैं। लगभग 500 से अधिक युवक-युवतियों ने स्मारिका में रजिस्ट्रेशन करया है। जिसमें 300 युवक एवं 200 युवतियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष केसरीचंद शर्मा करेंगे। महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा रंगपुर एवं संरक्षक जटाशंकर शर्मा ने बताया कि विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, हवामहल जयपुर के विधायक बालमुकुंदाचार्य, सिविल लाईन जयपुर विधायक गोपाल शर्मा, विप्र कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष महेश शर्मा, सरदार शहर के विधायक अनिल शर्मा, पूर्व आईजी लक्ष्मण गौड़, पूर्व आईजी हरिप्रसाद शर्मा, कोटा रेंज आईजी रविदत्त गौड़, डीवाईएसपी हेमन्त शर्मा, डीवाईएसपी लोकेन्द्र शर्मा, बूंदी एडिशनल एसपी उमा शर्मा, तालेड़ा डीवाईएसपी हेमन्त शर्मा, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक आशुतोष शर्मा, आरएएस अधिकारी पंकज ओझा समेत ब्राह्मण समाज के अन्य विधायक व प्रशासनिक अधिकारी होंगे।

बढ़ती चोरियों को देखते हुए व्यापारियों ने दिया धरना

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर में बढ़ती चोरियों को देखते हुए व्यापारियों ने शुक्रवार को सुबह सरकारी कुएं पर चौराहे धरना दिया।जो एसडीएम की हट के चलते लगभग दो घण्टे बाद स्वयं(एसडीएम) के द्वारा घटना स्थल पर आकर ज्ञापन लेने के बाद ही समाप्त हुआ।कस्बे में चोरी और सीनाजोरी के साथ बढ़ते स्मैकचीयों व नशाखोरों पर व्यापारियों का आक्रोश नजर आया।सूत्रों के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे का वाक्या है कि बाजार नंबर 6 स्थित जैन मार्ट पर सुबह दुकान का साइड वाला छोटा गेट खुला हुआ था और सुबह परिवार के सभी सदस्य मंदिर से आकर ऊपर चाय नाश्ता कर ही रहे थे कि नीचे से हल्की आहट हुईं।तो मालिक प्रदीप सोनी ने तुरंत देखा कि एक व्यक्ति तेल का पीपा उठाकर बाहर निकल रहा था।

चूंकि पिछले कई दिनों से ऐसी वारदात दुकानों पर लगातार हो रही थी तो वो समझ गए कि वो चोरी कर के ले जा रहा है।तुरंत उन्होंने ने चोर चोर चिल्लाना शुरू किया।वैसे ही आवाज सुनकर उनका बेटा प्रतीक भी आया और दोनों तुरंत उसके पीछे भागे।चूंकि 15 किलो का डिब्बा था जिसे वो लेकर भाग नहीं सका और डिब्बा छोड़ कर भागा।आखिर प्रतीक सोनी ने उस चोर को बाजार नंबर एक में पकड़ ही लिया एवं व्यापार संघ के व्यापारियों को फोन लगाया जो थोड़ी देर में वहां पर इक्कठा हो गए और पुलिस को इसकी सूचना दी।कुछ देर में पुलिस आई एवं उसको ले जाने लगी तब भी वो चोर धमकी देने लगा कि मेरे को पुलिस भी एक दो दिन में छोड़ देगी फिर में आपको देख लूंगा।यही नहीं मौके पर मौजूद एक पत्रकार को भी वीडियो बनाते समय धमकाए जाने की जानकारी मिली है।जो चोरों की हिम्मत अर्थात चोरी और सीना चोरी को दर्शाता है।उक्त घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश देखने को मिला।जिसके चलते खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के कईं व्यापारियों ने थाने में रोज इस तरह की आये दिन हो रही चोरी पर कार्यवाही करने का ज्ञापन दिया।व्यापारी थाने पर ज्ञापन देने तक ही सीमित नहीं रहे और एसडीएम कार्यालय पर भी ज्ञापन देने पँहुचे ।जहाँ एसडीएम कार्यालय पर उनके पीए ने फोन पर एसडीएम को सूचना दी कि व्यापारी ज्ञापन देने आए हैं तो उन्होंने कहा कि इन्हें सूचित करके आना था मुझे 15-20 मिनट लगेंगे।

रामगंजमंडी शहर में बढ़ती चोरियों को देखते हुए व्यापारियों ने शुक्रवार को सुबह सरकारी कुएं पर चौराहे धरना दिया।

मां की डांट से नाराज बालिका ने की आत्महत्या

कोटा, (निसं)। नांता थाना इलाके में मां की डांट से नाराज होकर घर छोडकर गई बालिका का शव शुक्रवार को नहर में मिला। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को मां ने किसी बात को लेकर अपनी दस वर्षीय बालिका को डांट लगाई। मां की डांट से नाराज होकर बालिका साईकिल लेकर घर से निकल गई। जिसकी काफी तलाश करने के बाद साईकिल नहर के किनारे खडी हुई मिली। परिजनों से इसकी सूचना नांता थाने पर पुलिस को दी। पुलिस ने सूचना पर मामला दर्ज कर बुधवार रात्रि को ही बालिका की तलाश की। लेकिन बालिका का पता नही चला। नगर निगम के गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि स्कूबा डाइविंग से बालिका की तलाश की जा रही थी। उन्होने बताया कि दो दिन चले सर्च अभियान के बाद बालिका का शव जिला बूंदी के नमाना में जहां नहर चौड़ी हो रही है। घटनास्थल से 20 किलोमीटर दूर मिला। शव मिलने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।

■ **तीन दिन बाद नहर में मिला शव**

नांता थानाधिकारी नवल किशोर ने बताया कि बुधवार को मामला दर्ज करने के बाद बालिका की तलाश शुरू की गई थी। उन्होने बताया कि नगर निगम की गोताखोर टीम शुक्रवार सुबह से ही बालिका की तलाश में जुट गई थी। बालिका का शव जिला बूंदी के नमाना नहर में मिला। थानाधिकारी ने बताया कि बालिका के शव को बाहर निकालकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी का कहना है कि बालिका के पड़ोसियों ने बालिका की शिकायत बालिका की मां से की थी। जिसमें कहा था कि बालिका सूखाये हुये कपड़ो को इधर-उधर कर देती है। इसके बाद मां ने बालिका को डांट लगाई जिसके बाद बालिका नाराज साईकिल लेकर घर से निकल गई थी। जिसकी साईकिल बडगांव नहर के समीप मिली थी।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2024/307 दिनांक:-18.12.24

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना विवेकानन्द नगर भूखंड संख्या 419 का आवंटन क्रमांक 207 दिनांक 14.02.2002 को श्री राधेश्याम जोशी पुत्र श्री नन्दलाल के नाम आवंटन किया गया था। आवंटी श्री राधेश्याम जोशी पुत्र श्री नन्दलाल की मृत्यु दिनांक 25.10.2010 को हो गयी थी। मृत्यु उपरांत श्री राधेश्याम जोशी पुत्र श्री नन्दलाल के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत पारिवारिक समझौता, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्री आशुतोष जोशी पुत्र स्व. श्री राधेश्याम जोशी द्वारा उक्त भूखंड संख्या 419 विवेकानन्द नगर अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 419 विवेकानन्द नगर का नामहस्तान्तरण श्री आशुतोष जोशी पुत्र स्व. श्री राधेश्याम जोशी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर

क्रमांक:-ननिको.(उ.)/भ.नि.अनु./जोन-द्वितीय/2024/10363-64 दिनांक: 04.12.24

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकों श्री लटूरलाल एवं श्री युवराज पुत्र श्री पूरणमल निवासी-जे-13 सकतपुरा कोटा राजस्थान द्वारा भूखंड का क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

आवास/भूखंड सं. जे-13 सकतपुरा कोटा स्थित भूखंड का आवंटन राजस्थान आवासन मंडल कोटा (राजस्थान) द्वारा दिनांक 16.06.2011 को श्री पूरणमल पुत्र स्व. श्री जगन्नाथ जिसका कुल क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर के पक्ष में जारी किया गया था। श्री पूरणमल पुत्र स्व. श्री जगन्नाथ की मृत्यु दिनांक 30.05.2024 को हो गई है तथा आवेदकों द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र अनुसार उनकी माताजी का देहान्त 30 वर्ष पूर्व हो चुका है। मृत्यु उपरांत श्री लटूरलाल एवं श्री युवराज पुत्र श्री पूरणमल एक मात्र विधिक वारिसान है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखंड सं. जे-13 सकतपुरा कोटा द्वारा कुल क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर

कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर

क्रमांक:-ननिको-(उ.)/भ.नि.अनु./जोन प्रथम/2024/11250-51 दिनांक:-20.12.24

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदको श्री 1. श्री शहजाद हुसैन 2. श्री मोहम्मद रफीक 3. श्री मंजूर अली पुत्र श्री अब्दुल कादर निवासी-शमीम मंजिल के सामने कोटा राजस्थान द्वारा भूखण्ड चौथ माता बाजार घण्टाघर कोटा का क्षेत्रफल 251.06 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

आवास/भूखण्ड चौथ माता बाजार घण्टाघर कोटा स्थित भूखण्ड का आवंटन नगर निगम, कोटा-उत्तर (राजस्थान) द्वारा पट्टा क्रमांक 3482 दिनांक 25.11.2022 को श्रीमती बानो बेगम पत्नी श्री अब्दुल कादर जिसका कुल क्षेत्रफल 251.06 वर्गफीट के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती बानो बेगम पत्नी श्री अब्दुल कादर की मृत्यु दिनांक 13.07.2023 को हो गई है तथा श्री अब्दुल कादर की भी मृत्यु दिनांक 04.01.1997 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त श्री 1.शहजाद हुसैन 2. श्री मोहम्मद रफीक 3. श्री मंजूर अली पुत्र श्री अब्दुल कादर एक मात्र विधिक वारीसान है।

आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखण्ड चौथ माता बाजार घण्टाघर कोटा द्वारा कुल क्षेत्रफल 251.06 वर्गफीट का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति जारी हाने के 07 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित रूप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा उत्तर